प्रेषक,

जिलाधिकारी
महोबा

सेवा में,

प्रमुख सचिव (कृषि)
उ0प्र0 शासन
लखनऊ

बिषय– बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत कृषि विभाग को आवंटित चैकडैम निर्माण का लक्ष्य फार्मपाण्ड में परिवर्तित करने हेतु।

पत्रांक– भू0सं0अ0 366 /फार्म पाण्ड/2014–15/दिनांक 26 ~~नवम्बर~~ दिसम्बर 2014

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि जनपद में सिंचाई के सुनिश्चित साधन न होने के कारण कृषि वर्षा पर आधारित है तथा वर्षा पर्याप्त न होने एवं अनियमित होने के कारण प्रायः जनपद सूखे की समस्या से प्रभावित रहता है। इस समस्या का सामना करने के लिए किसानों, जनप्रतिनधियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा प्रायः फार्म पाण्ड एवं सार्वजनिक तालाब के निर्माण की मॉग की जाती है। जनपद में निर्मित फार्म पाण्ड तथा सार्वजनिक तालाब के परिणाम उत्साहवर्धक रहे है। फार्म पाण्ड कम लागत में वर्षा जल संचयन करके अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजन, भूजल रिचार्ज तथा मत्स्य पालन एवं बागवानी के माध्यम से कृषकों की आय बढाने के महत्वपूर्ण साधन हो सकते है। उदाहरण स्वरूप वर्ष 2013–14 में अपना तालाब अभियान के अन्तर्गत कृषि विभाग द्वारा 54.00 लाख व्यय करके कुल 90 फार्म पाण्ड का निर्माण कराया गया है। फार्म पाण्ड के निर्माण में कुल 90 कृषकों के यहा लगभग 1.25 लाख घ0मी0 पानी सिंचाई हेतु उपलब्ध है। इससे लगभग 40–50 हेक्टेएर अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई की जा सकेगी। इसी सन्दर्भ में अवगत कराना है कि वर्ष 2014–15 में कृषि विभाग की बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत 24 चैकडैम का निर्माण हेतु 3.20 करोड का आवंटन किया गया है, लेकिन फार्म पाण्ड की उपयोगिता को देखते हुये चैकडैम के स्थान पर फार्म पाण्ड, सार्वजनिक तालाब तथा जल संचय बन्धी

का निर्माण कराया जाये, इससे ज्यादा संख्या में किसानों को लाभ पहुंचाया जा सकता है एवं निर्धारित धनराशि में ही फार्म पाण्ड चैकडैम की तुलना में सिंचाई हेतु ज्यादा जल उपलब्ध करा सकते है। जिसका तुलनात्मक विवरण निम्न प्रकार है—

चेकडैम का लक्ष्य फार्म पाण्ड में परिवर्तित करने पर स्थिति एवं अतिरिक्त लाभ का विवरण

कार्य का नाम	आवंटित धनराशि (लाख रु0में)	आवंटित लक्ष्य (संख्या में)	लाभान्वित कृषकों की संख्या	एकत्रित जल की मात्रा (लाख घ.मी. में)	अतिरिक्त सिंचाई क्षेत्रफल हे0 (रबी में दो सिंचाई हेतु)	उत्पादन में वृद्धि		
						चना	मटर	गेंहूँ
चैकडैम	360	24	240	2.40	240	4320	2880	4320
चैकडैम का लक्ष्य फार्म पाण्ड में परिवर्तित करने पर स्थिति	परिवर्तित करने पर उपरोक्त	500 — 600	500 — 600	7.5	1000	18000	12000	18000

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि चैकडैम की तुलना में फार्म पाण्ड ज्यादा उपयोगी है। अतः अनुरोध है कि कृपया कृषि विभाग को वर्ष 2014—15 में चेकडैम हेतु आवंटित लक्ष्य को फार्म पाण्ड/ सार्वजनिक तालाब/जल संचय बॉण निर्माण हेतु परिवर्तित करके कार्य काराने हेतु अनुमति देने का कष्ट करें।

भवदीय

(वीरेश्वर सिंह)
जिलाधिकारी
महोबा

पृष्ठांकन संख्या— 366 /दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि— कृषि निदेशक उ0प्र0 कृषि भवन, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी
महोबा

मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी

कृपया पत्रावली की दांयी ओर संलग्न श्री पुष्पेन्द्र भाई संयोजक अपना तालाब अभियान समिति महोबा एवं अन्य कृषक गण के पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जो बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत 24 चैक डेमों के निर्माण हेतु प्राप्त 3.60 करोड की धनराशि को जनहित में परिवर्तित कर किसानों के खेतों पर तालाबों के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है, जिसके कम में मुख्य विकास अधिकारी महोदय महोबा से दिनांक 21.11.2014 को वार्ता कर सम्बन्धित कृषकों के खेतों में चैक डेम निर्माण की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये है, बिषय कम में वार्ता की गयी, तथा उनके द्वारा निर्देशित किया कि चैक डैम हेतु प्राप्त धनराशि को तालाब निर्माण हेतु परिवर्तित करने के लिए जिलाधिकारी महोदय की ओर से प्रमुख सचिव कृषि उ0प्र0शासन को पत्र लिखवाया जाये। जिसके अनुपालन में आपकी ओर से प्रमुख सचिव कृषि को पत्र लिखा गया है। जिसका स्वच्छ आलेख पत्रावली की दांयी ओर संलग्न है। कृपया अवलोकन कर हस्ताक्षर करना चाहें।

(आर0पी0चौधरी)
उप कृषि निदेशक
महोबा

28/11/14

24/11/2014